Title: Need to provide employment to local people whose land has been acquired for setting up industries in Bharuch Parliamentary constituency in Gujarat

श्री मनसुखभाई डी.वसावा (भरूच) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरुच में कई बड़े उद्योग लगे हैं और इन उद्योगों के लगने से कई आदिवासी और किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई जिसके कारण यहां के आदिवासी और किसान जमीन अधिग्रहीत किए जाने के बाद पूर्ण रूप से बेरोजगार हो गए। उनमें से कई लोगों को अभी तक विस्थापित परिवार की हैसियत से संबंधित उद्योंगों में रोजगार नहीं मिला है। मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच में कई उद्योग इसी कारण से लाए गए कि इन पिछड़े इलाकों का विकास हो सके। इन पिछड़े इलाकों का विकास तभी ईमानदारी से हो सकेगा जब यहां के स्थानीय गरीब लोगों को रोजगार मिलेगा।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि यहां स्थित उद्योगों में स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाए।